हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024

सोमवार को मंड़ीपखोल गुफा देखने पहुंचे सैलानियों पर मधुमक्खियों ने धावा बोल दिया।

मधुमक्खियों द्वारा अचानक किए हमले से गुफा के समीप मार्ग पर कोहराम मच गया। बंद वाहन में सवार लोग जैसे-तैसे अपने को सुरक्षित कर लिया, परन्तु दो पहिया वाहन तथा खुले वाहन में जा रहे पर्यटकों को मधुमक्खियों ने बुरी तरह से घायल कर दिया। अफरा-तफरी के बीच दो पहिया वाहन सवार लोग वाहन छोड़कर इधर-उधर भागकर अपने को बचाया। हादसे में मधुमक्खियों ने करीब दो दर्जन लोगों को शिकार बनाया। जिसमें चार-पांच पर्यटक बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को पैलीमेटा स्वास्थ केन्द्र व नर्मदा में उपचार कराया। इस घटना को लेकर ठाकुरटोला के राजपरिवार एवं ग्रामीणों का कहना है कि मंड़ीपखोल एक धार्मिक स्थल है, जहां नशाखोरी, मांस, मदिरा का सेवन करना पूर्णतः वर्जित है, पर कुछ लोगों की लापरवाही से हादसा घटित हुआ है।

हमले के बाद मची अफरा-तफरी

मंड़ीपखोल में मधुमक्खियों के हमले से दो दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दामोदर वैष्णव

सड़क अतरिया। प्रकृति की खोद में गहरे इतिहास एवं रहस्य को संजोये ऐतिहासिक मंड़ीपखोल का दर्शन करने सोमवार को पर्यटकों का जनसैलाब उमड़ा। साल में एक बार अक्षय तृतीया के बाद आने वाले पहले सोमवार को यह गुफा आम लोगों के दर्शन के लिए खोला जाता है। इस सोमवार को हजारों पर्यटक जंगल के उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुफा घूमने पहुंचे। नर्मदा-ठाकुरटोला मार्ग में सुबह होते ही पर्यटकों का रेला लगा रहा। बहुत से पर्यटक मार्ग में स्थित चोरड़ाधाम में स्नान एवं शिवलिंग का दर्शन कर आगे बढ़े।

सुबह मंड़ीपखोल गुफा में ठाकुरटोला राज परिवार के सदस्य, गांव के गणमान्य लोग एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कुल देवता का स्मरण कर गुफा का द्वार खोला। गुफा में प्रवेश कर अंदर विराजित शिवलिंग एवं अन्य देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सैलानियों ने भी टिमटिमाते रौशनी में शिवलिंग, सेतगंगा, चमगादड़ खोल आदि का दर्शन किया। सुबह से देर शाम तक पर्यटकों का आना-जाना लगा रहा। प्रशासन द्वारा इस बार गुफा पहुंच मार्ग को सुगम बनाया गया था। जिससे सैलानियों को मंड़ीपखोल पहुंचने में काफी राहत मिली। वहीं मेडिकल टीम एवं पुलिस के जवान भी सहयोग के लिए मुस्तैद रहे। प्रशासन के बेहतर पहल के चलते इस बार अन्य वर्षों की अपेक्षा सैलानियों की भीड़ अधिक रही।

पर्यटन विभाग के सदस्य भी पहुंचे गुफा

पर्यटन विभाग रायपुर से विजय परमार, पल्लव वर्मा तथा डोंगरगढ़ से श्री निवास इस बार मंड़ीपखोल गुफा का अवलोकन करने पहुंचे थे। एसडीएम रेणुका रात्रे ने बताया कि टीम ने गुफा, उमड़ने वाली भीड़, मार्ग, प्राकृतिक सौंदर्य आदि को देखा। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में मंड़ीपखोल को पर्यटन क्षेत्र में विकासित करने कार्य किया जाएगा।

लोगों ने दिखाया हौसला

साल में एक बार खुलने वाले रहस्यमय गुफा को देखने हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे। वहीं बच्चे, युवतियां और दिव्यांग भी पीछे नहीं रहे। जंगल के उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुफा का अद्भुत नजारा देखा। अपना अनुभव साझा करते किसी ने इसे प्रकृति का अद्भुत और सुंदर नजारा बताया, तो किसी ने मार्ग और गुफा का रोमांचक सफर का बखान किया।

दो घंटा बंद रहा आवागमन : गुफा से लगभग दो किमी पहले सुबह करीब साढ़े 8 बजे मधुमक्खियों के चलते सैलानियों का आवागमन बंद हो गया था। जिससे कुछ पर्यटक गुफा घूमे बगैर ही वापस लौट गए। करीब डेढ़-दो घंटा बाद मधुमक्खियों के शांत बैठने बाद फिर से आना-जाना शुरू हुआ।

मशीन आने के बाद अब लौटाने की तैयारी, विस चुनाव से पहले हुआ था प्रस्ताव

वेतन देने निगम के पास फंड नहीं, इधर सड़क से धूल हटाने के लिए मंगा ली 56 लाख की मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ सालों से निगम की आर्थिक स्थिति कमजोर चल रही है। हालत यह है कि नगर निगम के कर्मचारियों को कभी दो तो कभी तीन से चार महीने के इंतजार पश्चात वेतन मिल रहा है। अभी भी कर्मचारियों को दो महीने का वेतन नहीं मिल पाया है। एक तरफ अपने कर्मचारियों को ही वेतन देने में फंड की कमी से जूझ रहे निगम द्वारा लगातार फिजूलखर्ची भी की जा रही है। अब शहर की सड़कों से धूल हटाने के लिए निगम ने 40 लाख की दो स्वीमिंग मशीने मंगा ली है। दिल्ली से यह मशीन सोमवार को शहर पहुंच भी गई है। हालांकि विवाद उठता देख अब निगम के अफसर कह रहे हैं कि मशीनों को वापस किया जा रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि कब और किसके कहने पर इन मशीनों की जरूरत निगम को लगी?

वहीं सरकार बदलने के बाद शासन से इस आर्डर की अनुमति नहीं लिए जाने को लेकर भाजपा पार्षदों ने भी अब निगम प्रशासन को घेरना शुरू कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने साफ तौर पर कहा कि छह महीने पहले प्रदेश में सरकार का बदलाव हुआ है। जिसके बाद सभी पुराने टेंडर जिसमें कार्यप्रारंभ नहीं हुआ था, उसके लिए अनुमति लेने कहा गया था, परन्तु निगम ने इस खरीदी में सरकार से अनुमति नहीं ली है। इन दिनों नगर निगम भगवान भरोसे ही चल रहा है, जिस निगम सरकार ने आठ महीने पहले एमआईसी में प्रस्ताव पास कर स्वीमिंग मशीन का आर्डर दिया था। अब आठ महीने बाद दिल्ली से मशीन आने के बाद उसे वापस लौटाने की तैयारी कर ली गई है।

एमआईसी से पास

शहर की सड़कों से धूल हटाने के लिए इन स्वीमिंग मशीन की खरीदी की गई है। एमआईसी में प्रास्ताव पास होने के बाद ही आर्डर किया गया है।
- हेमा सुदेश देशमुख, महापौर

करेंगे शिकायत

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद पुराने सभी टेंडर जिनमें काम नहीं शुरू हुए है, उनमें अनुमति लेने के निर्देश दिए गए है। यदि इस खरीदी में नगर निगम द्वारा सरकार बदलने के बाद शासन से अनुमति नहीं ली गई है तो इस मामले में नगरीय निकाय मंत्री से आयुक्त की शिकायत की जाएगी।
- किशुन यदु, नेता प्रतिपक्ष

दिल्ली से मेटाडोर में आई मशीन

सोमवार को करीब दोपहर 12 बजे मेटाडोर में भरकर यह मशीन नांदगांव पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार मशीन देश की राजधानी दिल्ली से आई है। मशीन को मेटाडोर में लाने वाले ड्राईवर ने बताया कि उन्हें मशीन राजनांदगांव निगम में छोड़ने का आर्डर मिला है। बताया गया कि मशीन को राजनांदगांव लाने में ही करीनब 70 हजार रुपए खर्च आ गया है। अब जब अफसर मशीन लौटाने की बात कह रहे हैं, ऐसे में भाड़े के रूप में निगम को 70 हजार का भुगतान करना पड़ेगा।

पहले से बंद पड़ी 1 मशीन

शहर की सड़कों से धूल हटाने के लिए ही करीबन डेढ़ दशक पहले निगम ने 65 लाख की भारी भरकम रकम से स्वीमिंग मशीन की खरीदी की थी। वह मशीन गिनती के दिन ही सड़कों से धूल हटाते नजर आई थी। जिसके बाद से ही वह मशीन बंद पड़ी हुई है। अब इधर फिर से 28-28 लाख रुपए की दो स्वीमिंग मशीने खरीदी की गई है। जिसका सही उपयोग हो पाना भी सवालिया निशान बना हुआ है।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

बारात से लौट रहे व्यक्ति पर हमला

राजनांदगांव। बारात में शामिल होकर बाईक से वापस अपने गांव लौट रहे एक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति ने नुकीली वस्तु से हमला कर जख्मी कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी गणेश मंडावी ग्राम बरसनटोला निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 12 मई को रात्रि साढे 7 बजे चुम्मन लाल ठाकुर के साथ बाईक में बैठकर नाथूनवागांव बारात आया था। बारात कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस करीबन रात्रि साढे आठ बजे बाईक में बैठकर घर वापस लौट रहे थे। वे नाथूनवागांव के बाहर पहुंचे ही थे कि रोड किनारे अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को नुकीली वस्तु से बांयी भुजा पर हमला कर चोंट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पेयजल समस्या : आक्रोशित ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम, 15 को करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेयजल समस्या से जूझ रहे राजनांदगांव जिले के ग्राम मोतीपुर निवासियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर दो दिनों में समस्या का समाधान नहीं होने पर 15 मई को कुमर्दा मुख्य सड़क पर चक्काजाम करने की चेतावनी एक ज्ञापन के माध्यम से राजनांदगांव कलेक्टर को दी है।

राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चारभांठा के आश्रित ग्राम मोतीपुर से ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते कहा है कि पिछले कुछ महीनों से उनके गांव में लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यहां नल-जल योजना ठप पड़ी हुई है। गांव में दो बोर और एक हैंडपंप है, लेकिन उससे पानी नहीं आ रहा है। बमुश्किल स्कूल के एक हैंडपंप से गुजारा चल रहा है।

दोनों मोटर पंप खराब

ग्राम मोतीपुर के निवासी दिलीप निर्मलकर और शत्रुघन निर्मलकर ने कहा कि बीते 22 अप्रैल को भी इस समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसके बाद पीएचई विभाग के लोग आए, लेकिन समस्या का हल नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि गांव में दो बोर और एक हैंडपंप है। जिसमें से दोनों बोर के मोटर पंप खराब हो चुके हैं। वहीं एक हैंडपंप से पानी नहीं आ रहा है। जिसके चलते लोगों को पेयजल के लिए समस्या हो रही है।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भीषण गर्मी के बीच पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने इससे पूर्व अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब एक बार फिर ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर भीषण गर्मी का हवाला देते कलेक्टर को दो दिवस के भीतर गांव में पेयजल सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं समस्या का समाधान नहीं होने पर अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कुमर्दा मुख्य सड़क पर 15 मई को चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है।

नो-पार्किंग में खड़े 96 वाहनों पर कार्रवाई, 28800 रुपए वसूला जुर्माना

राजनांदगांव। शहर में यातायात पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरूस्थ रखने के लिए व्यापक रूप से अभियान शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत शहर के प्रमुख मार्गों में अव्यवस्थित रूप से नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया है। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विगत दो-तीन दिनों से अभियान छेड़ दिया गया है। जिसके तहत यातायात टीम द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक, गुड़ाखू लाईन, जूनीहटरी, सिनेमा लाईन, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, फौव्वारा चौक, जलाराम स्वीट्स के सामने अव्यवस्थित नो-पार्किंग में खड़े 96 वाहनों पर कार्रवाई कर 28800 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

UGC Approved
KK MODI UNIVERSITY
Backed by
$1.5 BILLION MODI GROUP
GODFREY PHILLIPS INDIA LIMITED | INDOFIL INDUSTRIES LIMITED | Modicare | COLORBAR
ADMISSION OPEN
Avail Up To
100% SCHOLARSHIP
On The Basis Of 12th Result
30 SEATS IN EACH BATCH ONLY
APPLY NOW
Avail Early Bird Scholarship 25% Before 30th May
B.TECH (CSE)
Artificial intelligence and Machine Learning | Computer Science Engineering
Cloud Computing and Virtualization
Cyber Security & Digital Forensics
Healthcare informatics
Information Technology.
B.DES COMMUNICATION DESIGN
Graphics/ Animation & VFX | UI/UX Design
Film/Video/Photography Design
M.COM (H)
Accounts & Finance | Financial & Stock Markets Analysis
M.TECH
Artificial Intelligence & Machine Learning
Cloud Computing & Virtualization
Cyber Security| Full Stack Development
UI/UX | IOT | Image Processing DevOps.
BBA
Digital Marketing | Marketing
Mass Media | Direct Sales & Marketing
Entrepreneurship | Hospital Management | Hotel Management
Human Resource Management
Business Analytics | Supply Chain Management | Finance
Family Business.
B. DES
Interior Design | Jewellery Design
Fashion Design
MBA | E-MBA
Business Analytics | Digital Marketing
Entrepreneurship | Finance
Hospital Management
Hotel Management | HRM | Mass Media
Marketing | Supply Chain Management
B.COM (H)
Accounts & Finance | Company Law
Financial & Stock Market Analysis
Entrepreneurship | Banking & Financial Analysis | Practical Accountancy
BCA
Data Analytics | Mobile Computing
MCA
Data Analytics | Mobile Computing
INTEGRATED
BBA+MBA | B.TECH+MBA
B.TECH+M.TECH
B.Sc IN NUTRITION & DIETETICS
BACHELORS IN TOURISM & TRAVEL MANAGEMENT.
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AC BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAIPUR, BHILAI-DURG AND RAJNANDGAON
78800-57570
info@kkmu.edu.in
www.kkmu.edu.in
Mahamara, Jalbandha Road, Durg, Chhattisgarh
Deepak Advertisers

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!
GOAL
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
Congratulations...
Passed in 10th & 12th C.B.S.E. Board
50% Scholarship for Top-10 Rank Achieved in C.G. / CBSE Board's 10th & 12th Exam Result
GOAL's Result - CLASS - 12th
91% S.S.V., Sec.10
87% K.C.P.S., Kurud
84% SIKHAR ACADEMY, SAJA
83%
82% MAA SHARDA PUB. SCH.
78% INDU I.T., Kurud
78% S.P.C., Chandkuri
76% PM SHRI KEN. Vidya. Durg
75% D.A.V., Rudco
74% D.A.V.P.S., Jamui
72% D.A.V.P.S, Rudco
67% Mile Stone Academy, Durg
60% A.S.P.S., Dhanora
CLASS - 10th
80% S.S.V., Sec.10
76% M.V.N., Risali Sec.
DROPPER BATCH & 9th | 10th | 11th | 12th
NEET / JEE Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 9425565082
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय एकता चौक कवर्धा (छ.ग.) मो. 8889139071

खबर संक्षेप

प्रवेश के लिए लाटरी निकलेगी आज

सोमनी। भरेंगांव में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शाला में प्रवेश के लिए 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक रिक्त सीट से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। कक्षा 1 से 4 तक रिक्त सीट से अधिक पात्र आवेदन मिलने के कारण कल 14 मई को प्रातः 11 बजे लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। शेष कक्षाओं के पात्र आवेदनों की सूची सूचना पटल पर चस्पा किया जाएगा।

आंधी और बारिश से मौसमी फसल खराब

डोंगरगढ़। क्षेत्र में सुबह से दोपहर तक तेज गर्मी के बाद अचानक शाम को अंधड और बारिश से जन-जीवन काफी प्रभावित हुआ है। अचानक मौसम में बदलाव होने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ा है। बेमौसम बारिश और हवा के चलते मौसमी फल के खराब होने से किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। आंधी तुफान के बाद बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। कल आंधी तुफान के बाद सुबह तक कई ईलाकों में बिजली गुल रही।

कई कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

चुनाव कार्य में बरती लापरवाही कलेक्टर ने अपनाया कड़ा रूख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ऐन मतदान सामग्री वितरण से पहले अलग अलग कारणों से गायब शिक्षा, वन, संगीत विवि के एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों पर कलेक्टर ने कड़ी कारवाई का आदेश जारी किया है। जारी नोटिस का संतुष्टिपूर्वक जवाब नहीं मिलने पर डोकराभाठा स्कूल में पदस्थ व्याख्याता पालकराम कामड़े, सलगापाठ पूमाशा में पदस्थ भानुप्रताप मेश्राम, विक्टोरिया स्कूल में पदस्थ व्याख्याता अनुराग सिंह और डोकराभाठा पूमाशा के प्रधान पाठक निमेश सिंह बघेल के खिलाफ चुनाव कार्य में लापरवाही को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी, धारा 28, सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम 1, 2, 3 के विपरीत पाए जाने के कारण उप संचालक लोक शिक्षण को निलंबन का प्रस्ताव बनाकर भेजा है जबकि पूमाशा साल्हेभर्री में पदस्थ शिक्षक धृतेन्द्र सिंह को निलंबित कर बीईओ कार्यालय खैरागढ़ में सलंग्न कर दिया है। इसी प्रकार पूमाशा रगरा में पदस्थ शिक्षक बिसाहूराम चंदेल और विक्टोरिया स्कूल के शिक्षक शिवकुमार डड़सेना की एक वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश डीईओ को दिया है। पांडादाह स्कूल की शिक्षिका शताब्दी सिंह और पेंड्रीकला स्कूल की शिक्षिका सुलक्षणा सिंह को चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

गलतफहमी के शिकार हुए शिक्षक

चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के नाम पर जिन शिक्षकों पर कारवाई हुई है उसमें ज्यादातर गलतफहमी के चलते शिकार बने है। सामग्री वितरण पूर्व कुछ ने बकायदा ओपीडी पर्ची बनवाकर अपनी बीमारी और दवाई का उल्लेख करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आवेदन सौंपा और रिजर्व दल के कर्मचारी के लिये आदेश निकलते ही लौट गए जबकि उन्हें अपनी ड्यूटी निरस्त कराने का आदेश लेना था लेकिन प्रक्रिया को आधा अधूरा छोडकर वापस लौटने के कारण निलंबन, चेतावनी और वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी हुआ

विवि के आधा दर्जन हुए थे गायब

इंदिरा कला संगीत विवि के कत्थक नृत्य विभाग में पदस्थ संगतकार विवेक देशमुख, गायन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दिवाकर कश्यप, तंत्री वाद्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक नवरे, अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कौस्तुभ रंजन, संगीत संकाय के जयदेव नेताम को चेतावनी पत्र और सहायक ग्रेड तीन अशित सिंह चौहान का दो साल का वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है। वन विभाग गंडई के एसडीओ आफिस के बाबू दिलीप सिंह राजपूत को भविष्य में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्क कारवाई संबंधी चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

47 हुए थे गायब

गौरतलब है कि मतदान तिथि के ठीक पहले जब मतदान सामग्री लेकर दलों को रवाना होना था उस समय लगभग 47 कर्मचारी अलग अलग कारण बताकर गायब हो गये थे जिसके चलते रिजर्व दल के कर्मचारियों को आनन फानन में तैयार कर मतदान दलों को सामग्री सहित केंद्रों के लिए रवाना किया गया था। दर्जन भर कर्मचारियों के ऐन सामग्री लेकर जाने के दौरान स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देकर अनुपस्थित रहने से निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों को काफी परेशानी हुई और मतदान दलों की रवानगी में विलंब हुआ।

बेमौसम बारिश से हरा सोना को नुकसान

- संग्रहण कार्य प्रभावित, नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

रविवार की शाम को फिर एक बार मौसम में बदलाव देखने को मिला। तेज आंधी के साथ करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई।

वनांचल क्षेत्र में ओला वृष्टि होने की भी जानकारी मिली है। बीते सप्ताह से वनांचल क्षेत्र में तेन्दूपत्ता की तोड़ाई किया जा रहा है इस बीच बारिश और आंधी से तेंदूपत्ता को काफी नुकसान होने की खबर है। क्षेत्र में पखवाड़े भर पहले बारिश होने के बाद भी तेंदूपत्ता की गुणवत्ता काफी बेहतर रही है पर तोड़ाई के बाद हो रही बारिश से पत्ता खराब होने की आशंका है। इन दिनों पत्ता तोड़ाई के बाद उसे चिन्हांकित स्थान पर सुखाया जा रहा है जिसमें से बहुत सारे पत्ते आंधी में उड़ गए। वही बारिश में पत्ते भीग जाने से गुणवत्ता खराब होने लगा है। बताया जा रहा है कि अब तक हुई बारिश ने पत्तों को बीस से पच्चीस फीसदी तक प्रभावित किया है। अब बारिश होती है तो भारी नुकसान हो सकता है।

क्षेत्र में गंड़ई, ठाकुरटोला, पैलीमेटा समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता की तोड़ाई किया जा चुका है जिसे मानपुर, जीराटोला, मगरकुंड़, ठाकुरटोला, पैलीमेटा आदि जगह में संग्रह किया जा रहा है।

शिव पुराण का वाचन 18 से कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ख्याति प्राप्त कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा आगामी 18 जून से शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल में समिति ने 3 मई को भूमिपूजन किया। पं. गौकरण महाराज ने भूमिपूजन कार्य संपन्न कराया।

पूजन में सुनील गोयल- सरिता गोयल, जित्तू गोयल- रोशनी गोयल, लाल टारकेश्वर शाह खुशरो- नीता खुशरो, बैधनाथ नागेंद्र- नागेंद्र, पृथ्वी यादव- नम्रता यादव शामिल हुए।

इस दौरान पुष्पेंद्र देवांगन, सुधांशू यादव, गोल्डी अग्रवाल, अनिल जैन, संदीप गोयल, टुम्मन साहू, मनोज वर्मा, रामा साहू, दीनू नामदेव, उमा चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर खिचड़ी वितरण किया गया।

व्यापक तैयारियां

कथा को लेकर व्यापक तैयारियां किया जा रहा है। गत दिनों कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था। कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सेवादल का गठन किया जा रहा है।भक्तों के खाने, पीने, रुकने और स्नान आदि सुविधा के लिए कार्ययोजना नाया जा रहा। हर वर्ग के लोगो का समिति को भरपूर सहयोग मिल रहा है। डोम के लिए समान आना चालू हो गया है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां भी बढ़ गई है।

दसवीं में आयुष व बारहवीं में हिमांशी आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय यूनियन पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में गत दिनों कक्षा दसवीं और बारहवीं का परिणाम घोषित किया गया। दसवी का रिजल्ट 70 एवं 12वीं का रिजल्ट 84 फीसदी रहा। संस्था के परिणम पर बच्चों एवं पालकों ने संतोष व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार दसवीं की परीक्षा में शामिल 10 छात्र- छात्राओं में से सात प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। संस्था के आयुष फरेंद्र ने 88.33, जागृति साहू 76, प्रवीण मुंडे 75.1, प्रताप कंडरा 75, हर्षिता मेश्राम 69.6, राकेश राजपुरोहित 64.1, हेमंत पटेल 60.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं की परीक्षा में शामिल 13 छात्र-छात्राओं में पांच प्रथम श्रेणी एवं छह द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। शाला की हिमांशी पटेल, रूपाली कोमरे, श्रेणी रेवत चुनारकर, वैष्णवी वैष्णव, जतिन चंद्राकर प्रथम श्रेणी, वरुण साहू, कौशल साहू, आदित्य वैष्णव, प्रियांशु सोनटेके एवं माधवी साहू द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सभी सफल विद्यार्थियों को प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

50 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत

जलाशय के आसपास अवैध खनन और निर्माण भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत करवारी में जल संसाधन विभाग की लापरवाही से लगभग 50 एकड़ जमीन में अवैध कब्जा के साथ बिना अनुमति निर्माण कराने की जानकारी मिली है। करवारी जलाशय के आसपास अवैध उत्खनन के अलावा ग्राम पंचायत की बिना अनुमति के डबरी निर्माण कराया जा रहा है। प्रशासन की उदासीनता के कारण जलाश के अस्तित्व पर सवाल खड़े होने लगे हैं। यह मामला प्रकाश में आने में बाद भी विभागीय जांच शुरू नही हो पाई है। करवारी जलाषय के आसपास क्षेत्र का नक्शा, खसरा भी विभाग के पास मौजूद नहीं है।

अतिक्रमण पर कार्रवाई से परहेज

तहसीलदार मुकेष ठाकुर से इस संबंध में चर्चा किया गया तो उन्होंने टिकरापारा वार्ड से करवारी मार्ग तक राजस्व, रेलवे एवं सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण होने की बात स्वीकार किया था। उन्होंने आरआई, पटवारी के माध्यम से मामले की जांच कर प्रशासन को प्रतिवेदन भेजने के बाद कार्यवाही होने की बात कहा था। वर्तमान में करवारी जलाशय के आसपास लगभग 40 से 50 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण करने की चर्चा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अछोली बगदई पारा की कई एकड़ जमीन में अवैध कब्जा के बाद कूटरचना कर जमीन की रजिस्ट्री कराने का मामला प्रकाश में आया था। शहर में जमीन पर अवैध कब्जा करने के साथ नियम को दरकिनार कर रजिस्ट्री कराया जा रहा है। बताया जाता है कि अछोली, इंदिरा नगर के आसपास की जमीनों की रजिस्ट्री की जांच की जाए तो उन अधिकारियों के नाम का खुलासा हो सकता है जिन्होंने अपने परिवारजनों के नाम से जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज करा दिया है।

शिक्षिका कोनिका को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मान

डोंगरगांव। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ ने गत दिनों उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यभर के शिक्षकों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम अतिथि के रूप में साहित्यकार मीर अली मीर, आरपीएफ राजनांदगांव प्रभारी तरुणा साहू, पावन डहरिया, चंद्रशेखर परघनिया, तारेंद्र चंद्राकर, राष्ट्रपति से सम्मानित परसराम साहू आदि शामिल हुए। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 91 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में चिचदो प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका कोनिका सोनी भी शामिल थी। ज्ञात हो कि श्रीमती सोनी स्कूल तथा बच्चों के विकास के लिए लगातार नवाचारी प्रयास करते रही है। गत दिनों चिचदो प्राथमिक शाला में हुए न्योता भोज के दौरान उनके द्वारा बनाई गई विभिन्न नवाचार सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें अतिथियों ने जमकर तारीफ की थी।वह बच्चों को गणित, हिंदी व अंग्रेजी जैसे विषयों को सरलता से समझने के लिए विभिन्न टीएम का निर्माण कर बच्चों में भौतिक विकास भी कर रही हैं।

लक्ष्य टीम ने देखा मंड़ीपखोल गुफा

सड़क अतरिया। सोमवार को इतिहास और रहस्यमय मंडीपखोल गुफा आम लोगों के लिए खुली। लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एंड इं टे ले क चु अ ल ए सो शि ए श न छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में करीब 100 विद्यार्थी, गाइड एवं शिक्षकों पे गुफा के अंदर एवं बाहर का अवलोकन किया। शिक्षकों ने छात्रों को गुफा का इतिहास, रहस्य, प्रकृति की आवश्यकता, मैकाल श्रेणी आदि से अवगत कराया। इस दौरान संयोजक चैनदास जंघेल, सावित्री जंघेल, दुर्जन राम जंघेल, फत्तेलाल चंदेल, कोमल नारायण वर्मा, गुणाराम चंदेल, पुनीत जंघेल, तिजेन्द्र कुमार जंघेल, नंदकुमार वर्मा, जिज्ञासा जंघेल आदि मौजूद थे।

दो प्रतीक्षालय थे जो अब नहीं है, गर्मी में परेशानी

जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से छांव तक नसीब नहीं लोगों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुराने बस स्टैंड में दो यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया था जिसे सड़क चौड़ीकरण के नाम पर खत्म कर दिया गया है। वर्तमान में यात्रियों के लिए एक भी प्रतीक्षालय नहीं है। लोग झुलसा देने वाली गर्मी के बीच खड़ होकर बसों का इंतजार करते है। लोगों के परेशान होने के बाद यात्री प्रतीक्षालय के पुनर्निर्माण का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने विधायक दलेश्वर साहू की पहल पर हाईटैक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण लाखों रूपए खर्च कर किया गया था। जब इस प्रतीक्षालय का निर्माण हुआ था तब इसकी व्यापक चर्चा हुई थी और इसके बाद विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर स्टील प्रतीक्षालय का निर्माण हुआ था। इसी प्रकार अंबागढ़ चौकी, छुरिया, मोहला, मानपुर की ओर जाने वाली बसों का इंतजार करने वाले लोगों के लिए विश्राम गृह के अहाता से लगकर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी स्वाती श्रीवास्तव की पहल पर किया गया था। प्रतीक्षालय के निर्माण से लोगों को बसों का इंतजार करने से काफी सुविधा हो रही थी। गरमी और बरसात के दिनों में लोग इन यात्री प्रतीक्षालय में खड़े होकर बसों का इंतजार करते आ रहे थे।

सड़क के भेंट चढ़े प्रतीक्षालय

जानकारी के अनुसार बीते साल मई माह में प्रशासन ने सड़क चौडीकरण के लिए शहर में 40 फुट के दायरे में आने वाले कच्चे- पक्के निर्माण को हटाने की कार्रवाई शुरू किया था। इस कार्रवाई की चपेट में जनसुविधा के लिए बने यात्री प्रतीक्षालय भी आ गए और प्रशासन ने उन्हे भी हटा दिया। यात्री प्रतीक्षालय को हटाने के बाद उन्हे सुविधा जनक स्थान पर पुनः बनाने की पहल नहीं की गई है जिससे गर्मी और बरसात के दिनों में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विश्राम गृह की तरफ बने प्रतीक्षालय की कुर्सियां खुले में रखी है जहां इन दिनों सुबह 10 बजे के बाद बैठकर बस का इंतजार करना मुश्किल हो जाता है। लोग यहां वहां भटकते हुए छांव की तलाश करते रहते है किन्तु अन्य विकल्प नहीं होने के कारण चिलचिलाती गर्मी के बीच इंतजार करने मजबूर रहते हैं।

प्रसाधन की समस्या

शहर में सुविधा विकास के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं किन्तु प्रमुख आवाजाही वाले पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में सुविधाजनक और साफ सुथरा सुलभ सुविधा नहीं होने से आसपास के व्यापारियों और आवाजाही करने करने वालों को काफी परेशान होना पड़ता है। क्षेत्र में एक मूत्रालय जरूर बनाया गया है जो लोगों को दिखाई नहीं देता। जैसे तैसे पूछते पुछाते लोग पहुंच भी जाते हैं तो वहां लोगों को गंदगी और बदबू से दो चार होना पड़ता है। इस एरिया में काफी समय से सुविधायुक्त प्रसाधन सुविधा के विकास की जरूरत महसूस किया जा रहा है किन्तु निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है जबकि पार्षद निधि का उपयोग कर इसका सहज ही निर्माण किया जा सकता है।

बेहतर रहा परसबोड स्कूल का परिणाम

घुमका। परसबोड हायर सेकेंडरी स्कूल में गत दिनों परीक्षा परिणाम किया गया। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में शामिल 36 में 8 प्रथम, 13 द्वितीय तथा 9 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 72.2 प्रतिशत अंक के साथ योगेश देशलहरे प्रथम, 67.4 प्रतिशत अंक के साथ हेमा देवांगन द्वितीय रही। परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा। इसी तरह हाई स्कूल परीक्षा में शामिल 36 में 11 प्रथम, 13 द्वितीय, 2 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। परिणाम 72 प्रतिशत रहा। दसवीं में हुलसी देवागन ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम तथा पवन साहू 78 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य गणेश वर्मा, सुनील रामटेके, शिवानी झा, डोमन निषाद, किरण दुबे, महेश सोनी, अनिल बंधे, येनू वर्मा, मोहन साहू, मंजू शर्मा, नंदकिशोर साहू, आदित्य द्विवेदी, बलराम बघेल, मुकेश जायसवाल, बैन दास साहू, मुकेश जंगाड़े और भोजराम साहू ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

20 से संस्कारों की पाठशाला का आयोजन

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदान भवन राजनांदगांव द्वारा आगामी 20 से 26 मई तक संस्कारों की पाठशाला बच्चों की मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 9 से 10.30 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में कक्षा 6वीं से 10वीं तक के बच्चे भाग ले सकते है। इसमें विशेष रूप से बच्चों को आंतरिक व्यक्तित्व के विकास हेतु नैतिक मूल्यों की धारणा, मानव जीवन का लक्ष्य, जीवन में आदर्श व्यक्ति का महत्व, आदर्श दिनचर्या, मेडिटेशन जैसे विषयों के साथ-साथ ज्ञानवर्धक खेल भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह जानकारी स्थानीय सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।

प्राकट्योत्सव आज

राजनांदगांव। कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी का प्राकट्योत्सव 14 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह भगवान चित्रगुप्त की आरती के बाद शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैशाख शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी के दिन कायस्थ कुल के आराध्य देव धर्मराज श्री चित्रगुप्त महाराज का अवतरण हुआ था। इस वर्ष भी 14 मई को स्थानीय जमातपारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ समाज द्वारा प्राकट्योत्सव को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम दिनभर चलेगा। जिसके अंतर्गत विद्वान पंडितों द्वारा सुबह 8 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त की महाआरती होगी। तत्पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी चित्रांशजनों को भोग एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

शोहदाय कर्बला कमेटी के सदर बने नईम

राजनांदगांव। इमाम हजरत हुसैन साहब की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। जिसमें 10 रोजा तकरीरी प्रोग्राम व और भी प्रोग्रामों को अंजाम दिया जाता है। जिसके इंतेजमात के लिए शोहदाय कर्बला कमेटी इस काम को अंजाम देती है। इस बार इसके सदर के तौर पर आम जमात की राय से नईम कुरैशी साहब को इसका सदर बनाया गया है, जो इस काम को अंजाम देंगे। सदर बनने पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील, हन्फी मस्जिद के सदर मोहम्मद हाफिज साहब, जलालबाग दरगाह के सदर हाजी मंसूर अंसारी, अल अजीज मस्जिद के सदर हाजी रज्जाक बड़गुजर, तुलसीपुर मस्जिद के सदर सैय्यद गुड्डू भाई, कब्रिस्तान कमेटी के सदर जलालुद्दीन निर्बान, मोहद्दीसे आजम स्कूल के सदर हाजी तनवीर अहमद, रशीद खान, अब्दुल कादिर अशरफी, सुहैल रिजवी, हैदर जोया, शकील रिजवी, राजिक खान राजा, हफीज वारसी, शेख सलीम, आफताब अहमद, शानु खां, रेहान कुरैशी सभी ने मुबारकबाद पेश की।

जिला संयोजक बने आदर्श सिंह ठाकुर

राजनांदगांव। हिन्दू जागरण मंच की बैठक केशर नगर संघ कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित की गई। इसमें राजनांदगांव जिले के नए दायित्व की घोषणा की गई। हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठक राजेश भार्गव, हिंदू जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक भूषण साहू एवं हिंदू जागरण मंच के प्रांत विधि आयाम के प्रमुख राजेश खांडेकर, प्रमोद तिवारी, सूचना संग्रह आयाम, राम बिहारी मिश्रा, प्रांत प्रशिक्षण आयाम प्रमुख थे। राजनांदगांव जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें आदर्श सिहं ठाकुर को राजनांदगांव जिला हिंदू जागरण मंच का संयोजक नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला कार्यकारिणी में विजय मानिकपुरी, हरीश गांधी, विवेक मिश्रा, सुनील पासवान को संगठन के विभिन्न आयामों के साथ जिला कार्यकारिणी में रखा गया है। बैठक में हिंदू जागरण मंच के शशिकांत भावे सहित अन्य उपस्थिति थे।



आयुक्त ने आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हाजिरी में अनियमितता, सफाई ठेकेदार व सेंटर प्रभारी को नोटिस

कचरा पृथककरण की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने वार्डों में मूलभूत सुविधा सफाई, पानी का प्रतिदिन निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार सुबह शहर के आंतरिक क्षेत्र वार्ड नं. 39 व 40 में साफ-सफाई व्यवस्था देख एक ओर जहां सागरपारा एसएलआरएम सेंटर में समय पर हाजिरी नहीं भरने और वार्ड नं. 39 में सफाई में लापरवाही बरत हाजिरी में अनियमितता पर नाराजगी व्यक्त करते संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को दिए।

आयुक्त श्री गुप्ता सागरपारा एसएलआरएम सेंटर पहुंचकर कचरा पृथककरण की जानकारी ली। साथ ही कचरे का ढ़ेर देख प्रतिदिन पृथक-पृथक करने सूखा कचरा का बंडल बनाने के निर्देश सेंटर प्रभारी को दिए। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर की जांच की। तत्पश्चात हाजिरी भरना नहीं पाया गया, न ही लाल पेन से अनुपस्थिति लगाना पाया गया, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते सेंटर प्रभारी को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी अग्रवाल को दिए।

आयुक्त ने जताई नाराजगी

आयुक्त गुप्ता शहर के आंतरिक क्षेत्र सागरपारा, बांसपाईपारा, चौखडियापारा, हीरामोती लाईन, पठानपारा में साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क के साथ-साथ गलियों में भी नियमित रूप से झाड़ू लगाकर कचरा उठाने के निर्देश दिए। इंदिरा नगर रोड, नंदई चौक में कचरा डालने पर उसे प्रतिदिन उठाकर सफाई करने के निर्देश दिए। नंदई नाला में नालियों का पानी आने के कारण झिल्ली पन्नी, कचरा फंसने पर चौखड़ियापारा वैष्णव देवी मंदिर के पीछे नाला में जाली लगाने उप अभियंता तिलकराज ध्रुव से कहा। जिससे झिल्ली पन्नी व कचरा रूक जाए और उसे आसानी से निकाला जा सके। वार्ड नं. 39 में सफाई में लापरवाही देख हाजिरी रजिस्टर की जांच करने पर हाजिरी में अनियमितता पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते संबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

कार्य में तेजी लाएं

आयुक्त गुप्ता द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण की कड़ी में गंजपारा स्कूल में अहाता निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य की स्वीकृति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते स्कूल खुलने के पूर्व कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने दोनों वार्डों में स्वीकृत सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा नहीं करने पर संपर्क कर कार्य जल्द कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, प्र. पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

समाज सेवक संघ ने नर्सों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समाजसेवक संघ ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर सांई कृपा अस्पताल में वहां की 20 नर्सों का सम्मान कर उन्हें सम्मान प्रदान प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. स्वाति देवांगन ने नर्सों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इंजी. स्वाति ने कहा कि नर्सों के बिना अस्पताल की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते संघ के संस्थापक अध्यक्ष संजीव सिंघल ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग सेवा का प्रारंभ किया था एवं उनके जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया जाता है। सुश्री फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म इटली में हुआ था।

श्री सिंघल ने नर्सों का सेवा, सामाजिक कल्याण एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अनमोल योगदान का उल्लेख किया। इस अवसर पर हेड नर्स सरोजनी पटेल ने कहा कि नर्सेस धैर्य एवं शांति से सेवा कार्य करती है, किन्तु उन्हें और अधिक स्नेह एवं विनम्रता से सेवा करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में नर्सेस अंशु रावटे, सरोजनी पटेल, उषा धगेश, प्रभा सेन, मोनिका, कान्ता साहू, नम्रता, दीपिका, चांदनी, चांदनी लहरे, प्रमिला उइके, भारती, वीणा, ललिता, तुलसी, गीतांजली, संध्या, नेहा, संजू, कविता, हेमलता पटेल, शिल्पी देवांगन एवं लोकिता को सम्मान पत्र दिया गया।

प्री-वेडिंग शूट का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी राजनांदगांव के श्री पार्श्वनाथ जैन बगीचा में विराजित मुनिराजश्री तीर्थप्रेम विजय जीमसा ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी जीवनी में लिखा है, मैंने अपने संपूर्ण जीवन के दौरान अपनी मौजूदगी में अपने भाई-भाभी को बात करते हुए भी नहीं देखा, यही हमारी भारतीय संस्कृति है।

इन्हीं के वंशज होते हुए अपने संस्कार और उज्वल परंपरा को टिकाने असमर्थ क्यों बन रहे हैं? पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण क्यों? संस्कारों की विरासत को छोडकर प्री-वेडिंग शूट, मातृत्व शूट क्यों? युवा पीढी को अपनी मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। इस तरह से मुनिराज श्री ने प्री-वेडिंग शूट का सख्त विरोध किया।

उन्होंने सभा के समक्ष अपील की। आज वैशाख शुक्ल छठ को यहां विराजित सरल स्वभावी प. पू. राजरत्ना श्री जीमसा के स्वर्णिम सयम जीवन के 54वें वर्ष पर यही अर्पण करना है कि हम और न तो प्री-वेडिंग शूट करवाएंगे, कोई कराने वाले के साथ नहीं जाएंगे और न तो स्थिति कहानी पर डालेंगे।

नर्स की भूमिका स्वास्थ्य के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण : अमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर पनेका रोड स्थित अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान द्वारा नर्सिंग-डे पर विशाल सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत विभिन्न स्टॉफ नर्स का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज राजनांदगाव की एएनएस शशि प्रभा ने संबोधित करते नर्सिंग-डे और नर्सिंग कार्य के लिए विभिन्न जानकारी दी। विशेष अतिथि रेव्ह अतुल्य मसीह ने लोगों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि कन्फलुन्स नर्सिंग

कॉलेज राजनांदगाव की प्राचार्य रूबी दान ने भी नर्सिंग कार्य संबोधित बातों पर संबोधन किया। विशेष अतिथि आशीष युसुफ ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से संबंधित बातों पर संबोधन दिया।

कार्यक्रम का आयोजन रेव्ह अमित दान द्वारा संस्थान अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान एवं समस्त सहयोगियों द्वारा किया गया। जिसमें सभी नर्स का सम्मान किया गया एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए गए। संस्था प्रमुख रेव्ह अमित दान ने बताया कि नर्स की भूमिका स्वास्थ्य के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण होती है। संस्थान द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष करने की योजना है।

आगामी वर्षों में भी बड़े पैमाने पर यह सम्मान कार्यक्रम आयोजन करना चाहते हैं। जिससे सभी संबंधित नर्सिंग कर्मचारियों का सम्मान किया जा सके।

9 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आबकारी विभाग की कार्रवाई
- मोपेड में परिवहन करते पकड़ा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत ग्राम धोबाटोला से टिपानगढ़ रोड में ग्राम चोरहाबंजारी थाना गेंदाटोला निवासी कमलेश चंद्रवंशी के कब्जे से 9 बल्क लीटर देशी मदिरा संतरा अवैध रूप से दो पहिया वाहन स्कूटी हीरो डेस्टिनी बिना नंबर प्लेट पर परिवहन करते जब्त किया गया। आरोपी को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

गायत्री विद्यापीठ में नायर ने ग्रहण किया प्राचार्य का पद

राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई बोर्ड में नव-नियुक्त प्राचार्य के रूप में श्रीमती शैलजा नायर ने पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि श्रीमती नायर जिले की ख्यातिलब्ध शिक्षाविद के रूप में जानी जाती रही है, जो अपने कुशल नेतृत्व क्षमता एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बना चुकी है। उन्होंने अपने सरल व्यवहार से सभी को प्रभावित किया है।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी अमित उत्तलवार प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उप प्राचार्य रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने श्रीमती शैलजा नायर को शुभकामनाएं दी।

महेंद्र सुराना बने आस्था के अध्यक्ष, सचिव राजेश व कोषाध्यक्ष अनिल बड़कुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आस्था मूकबधिर शाला दिव्यांग शाला जो 1997 से संचालित है। जिसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के 80 मूकबधिर बच्चे केजी-वन से कक्षा 8वीं तक छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

बच्चों को संस्था द्वारा निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

आस्था मूकबधिर शाला की वार्षिक आमसभा का आयोजन आस्था परिसर में किया गया। जिसमें आस्था मूकबधिर शाला के संचालन के लिए सत्र 2024 से 2027 तक के लिए नवीन कार्यकारिणी का चुनाव पीठासीन अधिकारी एडवोकेट बृजकिशोर सुरजन द्वारा संपन्न कराया गया। सर्वसहमति से चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध निर्वाचित हुए।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में निवृत्तमान अध्यक्ष हेमंत तिवारी, अध्यक्ष महेंद्र सुराना, सचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष अनिल बड़कुल, उपाध्यक्ष नवीनशंकर खंडेलवाल, उपाध्यक्ष कमलेश बैद, सह-सचिव निकहत परवीन खान, संगीता अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष नलिन कोठारी को नियुक्त किया गया।

संरक्षक मंडल में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, बृजकिशोर सुरजन, रामकृष्ण तिवारी, हेमंत तिवारी, जुगलकिशोर लड्ढा, आनंद चोपड़ा को बनाया गया। कार्यकारणी में मनोज बैद, मीनू खंडेलवाल, संध्या तिवारी, संजय मिश्रा, भूपेंद्र बाजपेयी, प्रभात जैन, दीपक नवलखा, ललित भंसाली, विनोद बोहरा, पद्मश्री, पंकज जैन, दिलीप खंडेलवाल, उमेश अग्रवाल, राहुल जैन, नईम कुरैशी, संदीप जैन, शिव राठी, संजय विद्याश्री को रखा गया है। उक्त जानकारी संस्था की लेखपाल आयशा खान द्वारा दी गई।

सूखे तालाबों की निकाली जा रही मिट्टी

मुढ़ीपार में तालाबों को पुनर्जीवित करने भारतीय जैन संघटना ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम मुढ़ीपार में बांधा तालाब को भारतीय जैन संघटना राजनांदगांव एवं फोर्स मोटर्स के संयुक्त तत्वावधान में सूखा मुक्त तालाबों का पुनर्जीवन छत्तीसगढ़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे तालाब जो सूख गए हैं, इन तालाबों की मिट्टी निकालकर किसानों के खेतों में ले जाकर उपजाऊ बनाया जा रहा है एवं तालाब गहरीकरण जेसीबी के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम मुढ़ीपार के बांधा तालाब का गहरीकरण कार्य का शुभारंभ 12 मर्इ को किया गया। ग्राम मुढ़ीपार में शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज वैद, बीजेएस के पूर्व राज्य अध्यक्ष संतोष जैन, सावा वर्धमान स्थानकवासी अध्यक्ष ओम कांकरिया, सरपंच मुनिया सुभाष द्विवेदी,

मनोज वैद कैलाश नगर, सिद्धार्थ जैन सावा, निलेश लोढ़ा एवं किसानों व पूर्व सरपंच एवं ग्रामपटेल की मौजूदगी में भारतीय जैन संघटना राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष ललित भंसाली, बीजेएस शहर अध्यक्ष राकेश पारख, सचिव संजय सांखला की उपस्थिति में विधिवत रूप से तालाब खुदाई कार्य विधि-विधानपूर्वक किया गया।

तालाबों का किया जा रहा जीर्णोद्धार

कार्यक्रम का संचालन ऋषभ नाहटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम भारतीय जैन संघटना की अध्यक्ष आशा सेठिया, सचिव सपना ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष बरखा बाफना, बरखा पारख, संगीता वैद्य एवं बीजीएस कार्यकर्ता मौजूद थे। रविवार सुबह जेसीबी से कार्य प्रारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत तालाब के जल निकाय कर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य गांव में पानीदार जल आत्मनिर्भर व समृद्धि बना सके। इसके अंतर्गत देशभर के पांच राज्यों में 125 तालाबों में से छत्तीसगढ़ को भी चुना गया है। राजनांदगांव के तीन ग्राम पंचायत के तालाब चयनित किए गए हैं। अतिथियों ने जलसंचय के इस पुनीत कार्य के लिए जैन संघटना की सराहना की व सभी ग्रामीणों से इसमें सहयोग की अपील की, ताकि आने वाले समय में हो रही पानी की व्यापक कमी को दूर किया जा सके।

छात्रों ने 10वीं-12वीं परीक्षा में जिले का नाम किया गौरवान्वित

- 10वीं में वंशिका 97 .83 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में छठवां
- 10वीं में 76 .76 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 83 .57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजनांदगांव जिले से कक्षा 10वीं में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया की छात्रा वंशिका साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में छठवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह कक्षा 12वीं में सर्वेश्वर दास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के छात्र रिकेश देवांगन एवं शा.उ.माध्यमिक विद्यालय भेड़ीकला राजनांदगांव के छात्र ओगेश कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 71.85 एवं छात्राओं का प्रतिशत 80.78 है। इस तरह कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 80.11 एवं छात्राओं का प्रतिशत 86.24 है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में सफल होने पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम प्राप्त करें। जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल ने भी बच्चों को बधाई देते उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।

विद्यार्थियों के चेहरे खिले, दिनभर एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चलता रहा

दसवीं-बारहवीं सीबीएसई स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई बोर्ड द्वारा सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम को लेकर सीबीएसई के छात्र छात्राएं बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस बीच सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की। ऑनलाईन जारी परीक्षा परिणाम देखने के लिए दिनभर छात्र-छात्राएं व्यस्त नजर आए। ओवरआल जिले के सीबीएसई स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। जिससे विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री

नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री का सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10वीं का परीक्षाफल



शत-प्रतिशत रहा। शाला में प्रथम हर्षीत भट्ट सुपुत्र अविनाश श्वेता भट्ट ने 98.20 प्रतिशत, द्वितीय शुभाश्री नंदा सुपुत्री शुशांत श्रद्धांजली नंदा ने 96.80 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान आयुषी तिवारी सुपुत्री ज्ञानेदं नीता तिवारी ने 96.60 प्रतिशत प्राप्त किया। शाला के 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 12 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 11 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। शाला के दो विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। हर्षित भट्ट ने (गणित व विज्ञान-100 अंक), आयुषी तिवारी (आईटी-100 अंक), शाला के दो विद्यार्थियों ने 99 अंक शुभाश्री नंदा ने (आईटी -99 अंक), दिपांशु साहू (सा. विज्ञान-99 अंक) प्राप्त किए। सभी सफल विद्यार्थियों को शाला के संरक्षक द्वारिकानाथ बाजपेयी, चेयरमेन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष कांकरिया, सचिव कमलेश उभरानी, सहसचिव पराग बोदून, कोषाध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल व समस्त डॉयरेक्टर्स, प्राचार्य भारती गौते, शाला प्रशासक विपिन गौते, एकेडेमिक इंचार्ज जिवेश द्विवेद्वी, निशात खान, लक्ष्मी चौहान, देविका मानेक, नुसरत बानो व शिक्षकों ने बधाई दी।

12वीं में परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत

नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री राजनांदगांव में सीबीएसई कक्षा 12वीं में कामर्स



संकाय से कृष्णा गग्गड़ पिता गजानंद नीलिमा गग्गड़ ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कामर्स संकाय से ही अविका शंकर श्रीवास्तव पिता विरेन्द्र रूपा श्रीवास्तव ने 94.80 प्रतिशत द्वितीय व निती जोशी पिता दीपक पूजा जोशी व अंश बोरकर पिता अशोक संगमित्रा बोरकर ने संयुक्त रूप से 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला के जीव विज्ञान संकाय में अंशिता पाठक पिता आदर्श कुमार आरती पाठक ने 89.60 प्रतिशत प्रथम, टियुश चोपड़ा पिता दीलिप दीपा चोपड़ा ने 85.40 प्रतिशत द्वितीय एवं आस्था देवांगन पिता गिरिश गायत्री देवांगन ने 84 प्रतिशत अंकों से तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय से निध्या वर्लयानी पिता मनोज अनिता वर्लयानी 89.60 प्रतिशत के साथ प्रथम, दीपशीखा देवांगन पिता जीवनलाल भुवनेश्वरी देवांगन 88.60 प्रतिशत द्वितीय तथा जया साहू पिता नरेश कुमार ऊमलेशवरी साहू ने 78.40 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

शाला में कक्षा बारहवीं में 104 परीक्षार्थीयों में से 85 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। शाला के 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थियों में कृष्णा गग्गड (अकांउट-100), अंशिता पाठक (संगीत-100), आस्था देवांगन, भूमिका साहू (कत्थक-100)। इसी तरह 100 में से 99 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कृष्णा गग्गड़ (बीएसटी-99), नमन सारडा, सान्या गुप्ता और टियुश चोपड़ा (हिन्दुस्तानी वोकल-99), अविका शंकर श्रीवास्तव, निती जोशी, आशका अग्रवाल, कनक चौरसिया, पूर्वी अग्रवाल, राशी गुप्ता, रित अग्रवाल (कथक-99), हुजैफा फातिमा बेग (पेटिंग-99)।

वाईडनर स्कूल

वाइडनर मेमोरियल सी. से. स्कूल के 10वीं का परीक्षा परिणाम सत्र 2023-

24 में 99.9 प्रतिशत रहा। शाला के 132 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। कक्षा 10वीं से जिज्ञाशा साहू ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, गुरमन कौर डिल्लन ने 94.2 प्रतिशत द्वितीय, आराध्य शर्मा ने 92.6 प्रतिशत तृतीय, तनिशा महिलांगे और वैभवराज सोनी ने 91 प्रतिशत के साथ चतुर्थ, विशेष संदीप झुलेकर ने 90 प्रतिशत के साथ पांचवा एवं तमन्न महाराणा ने 89.6 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। इन छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम के साथ शाला को गौरवान्वित किया। यह जानकारी शाला के प्राचार्य फॉदर थॉमस टीसी ने दी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव सीबीएसई कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में श्रृंखला साहू, रैना राज, गरिमा लकड़ा, दक्ष कोसरे, करिश्मा खाखा, राहुल कुमार खांडे, अक्षत जयसवाल, धैर्य जैन, लेखांश ठाकुर, माइकल घृतलहरे, तरूण तेम्भुरकर, रूद्रकुमार खांडे, नैन्सी टोप्पो, हर्ष गर्धला, योगेश कुमार पैकरा एवं सोनू सिंह सयांम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शाला का नाम जिला स्तर पर रोशन किया। शाला प्रबंधन समिति के निदेशकगण एवं प्राचार्य निर्मला सिंह ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

देहली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव सीबीएसई कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में विज्ञान संकाय से काव्या साहू, प्रकाश सिंह, मुस्कान बंजारे, दिव्या सिंह, चेसिका यदु, दीक्षा मारकांडे, इशिका जैन, नम्रता ध्रुव, वैष्णवी डोंगरवार, वाणिज्य संकाय से अस्मिका गोलछा जैन, प्रविश अग्रवाल, अंशुमन गुप्ता, ऋषभ भारती, चिन्मय जैन, दिव्यांश वैष्णव, ओमिका चन्द्राणा, गणित संकाय से आर्यन जैन, कृष टंडन, पुनेश्वर राम, ज्योति सांई वरूण एवं आदित्य बागरे ने अपने बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते शाला का नाम जिला स्तर पर रोशन किया। शाला प्रबंधन समिति के निदेशकगण एवं प्राचार्य निर्मला सिंह ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

गायत्री विद्यापीठ

सीबीएसई बोर्ड द्वारा शुक्रवार को घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में

विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का गौरव बढ़ाया। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सत्र 2023-24 में शानदार उपलब्धि हासिल की है। शाला में बायोलॉजी सेक्शन से अभय शर्मा 91.80 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, सृष्टि सिन्हा 88.20 प्रतिशत द्वितीय एवं युक्ति पटेल 87.60 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रही। कॉमर्स सेक्शन में ईशा जैन 89.20 प्रतिशत प्रथम, कनिका टांक 87.20 प्रतिशत द्वितीय एवं एकता जैन कांकरिया 82.40 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रही। गणित संकाय से जय बजाज ने 87.60 प्रतिशत प्रथम, मयंक कुमार मोहनमाला 85 प्रतिशत द्वितीय, उज्जवल अग्रवाल एवं राहुल वर्मा 83.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 10वीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 115 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा शत-प्रतिशत रहा। शाला में मानव शर्मा 94.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, भूमिका साहू 92.80 प्रतिशत द्वितीय एवं अदिति सिन्हा 92.20 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रही। वहीं भूमि किरण अग्रवाल, जय सोलंकी, अनमोल गुप्ता एवं भूमिका हिरवानी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य शैलजा नायर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

नीरज विद्या मंदिर

नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में 10वीं एवं 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम

उत्कृष्ट रहा। जिसमें 10वीं में 43 विद्यार्थियों में से 24 विद्यार्थियों एवं 12वीं में 35 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण की।

10वीं में अवनी पांडेय ने 91, कृष्णा खंडेलवाल ने 88 एवं उपासना निर्मलकर ने 86 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित कर संस्था व अपने अभिभावकों का नाम रौशन किया। इसी तरह इन्होंने अपने-अपने विषय में 90 से अधिक अंक अर्जित किया है। वहीं 12वीं में वाणिज्य संकाय (कॉमर्स) से पुष्पेन्द्र साहू ने 90 प्रतिशत प्रथम, विज्ञान संकाय (बायो) से अपूर्वा तितिक्षा ने 85.2 प्रतिशत प्रथम, विज्ञान संकाय (बायो) से विजयश्री साहू ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान पर रही। इस प्रकार शिक्षा सत्र-2023-24 सेकंडरी एवं हाय सेकंडरी वार्षिक परीक्षा का परिणाम शानदार एवं उत्कृष्ट रहा। संस्था के होनहार बच्चे पूर्व से ही टॉपर रहे है। इस सराहनीय कार्य और उपलब्धि के लिए संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटडिया, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा वाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर उर्मिला दीक्षित, प्राचार्य अंजुम जहान एवं प्रशासक जी. राम सिन्हा, संस्था के शिक्षकों ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। यह जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

बाल भारती पब्लिक स्कूल

बाल भारती पब्लिक स्कूल के उत्कृष्ट परिणाम शिक्षा एवं संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त शाला बाल भारती पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों में से विज्ञान संकाय में प्रथम गुंजन देवांगन 90 प्रतिशत, द्वितीय बानी महोबिया 82.06 प्रतिशत, तृतीय मुस्कान गोरी 80.08 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम चंद्रहास देवांगन 77 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं में प्रथम विनीशा साहू 95 प्रतिशत, द्वितीय हिमांशी गड़े 85.83 प्रतिशत, तृतीय गगन साहू 85.33 प्रतिशत एवं अन्य विद्यार्थी अभिनव मड़के 84.16 प्रतिशत, आशी महोबिया 82.66 प्रतिशत, श्रीकांत मंडले 83.16 प्रतिशत, अनिक देवांगन 82.16 प्रतिशत रहे। शाला परिवार इन बच्चों की उपलब्धि पर गर्व करता है। इस अवसर पर सचिव तथागत पांडे, डायरेक्ट नरसिम्हा रेड्डी, प्राचार्य श्रद्धा पांडे रेड्डी, डायरेक्टर रितिका पांडे एवं शाला के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

संस्कार सिटी

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं बोर्ड (सीबीएसई) का परीक्षाफल



शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी अच्छे प्राप्तांकों से उत्तीर्ण हुए हैं। इस संबंध में संस्था प्राचार्य रेखा तिवारी ने बताया कि अनुज्ञा जैन 90 प्रतिशत, संतोष वट्टी 85 प्रतिशत, रितेश पैंकरा 84.5 प्रतिशत प्राप्तांक हासिल कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संस्था के प्रबंधकगण ने प्रसन्नता व्यक्त करते बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है। शानदार परिणाम के लिए पालकों ने विषय विशेषज्ञों एवं शिक्षकों के बेहतर मार्गदर्शन को श्रेय दिया है। पालकों ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए दूरभाष पर बधाइयॉ भी दी है।

एनबीआईएस बोरी

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं

के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कक्षा दसवीं के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 42 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 39 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में शाला के दीक्षा जैन 97 प्रतिशत, स्वर सांखला 96.2 प्रतिशत, ध्रुवी चौरड़िया 95.4 प्रतिशत, विशु श्रीवास्तव 93.4 प्रतिशत, कल्याणी लिल्हारिया 93.4 प्रतिशत, आस्था वर्मा 93.2 प्रतिशत, अफशा कुरैशी 93 प्रतिशत, तिषा रंगलानी 92.6 प्रतिशत, एकमजोत कौर रंगी 91.6 प्रतिशत एवं अथर्व कोचरे 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं में शाला के मैथ्स, बायोलॉजी तथा कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा।

12वीं के कॉमर्स संकाय से 2 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 13 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 15 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बायोलॉजी संकाय से 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 8 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

मैथ्स संकाय से 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 7 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

12वीं में कॉमर्स संकाय में गरिमा पारख 94.6 प्रतिशत, मुस्कान देवांगन 93.8 प्रतिशत, मौली जैन 89.8 प्रतिशत, श्रेयांश वर्मा 89.8 प्रतिशत, ज्येष्ठ जैन 89 प्रतिशत, हरमीक कौर 88.8 प्रतिशत, कशिश अयाज़ 88.6 प्रतिशत, शिव्या चंदेल 88 प्रतिशत, भक्ति जैन 83.4 प्रतिशत, निक्की भाटिया 83 प्रतिशत, रौनित आहूजा 83 प्रतिशत, आयुष दुलानी 82.2 प्रतिशत, उन्नति कोटडिया 81.4 प्रतिशत एवं आर्या श्रीवास्तव 81 प्रतिशत तथा बायोलॉजी संकाय में राशि नायक 89.6 प्रतिशत शिखा श्रीवास्तव 87.2 प्रतिशत, अलिज्बा रजा 86.6, खुशबू साहू 85.8, उदिता कोचर 85.8 एवं गरिमा सिन्हा 80.6 प्रतिशत तथा मैथ्स संकाय में आदित्य मोहबे 85.4 प्रतिशत, महक सिद्दीकी 85.2, हर्षित जैन 83.2, अंशना हटीले 82.8, वेदांत रंगलानी 82.8 एवं संयम झाबक 82 अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

इस परीक्षा परिणाम की सफलता के लिए शाला के संचालक नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, एकेडमिक डॉयरेक्टर उर्मिला दीक्षित, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान एवं शाला परिवार के शिक्षकों द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी गई।

युगांतर पब्लिक स्कूल

युगांतर पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित किया गया। घोषित नतीजों में युगांतर के 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें अद्वित्य सिंह ठाकुर 96.4, सोम्या मोटलानी 95.8, सौम्या देवांगन 95.2, रौनक अग्रवाल 93.8, सौम्या

लोहिया 92.6, अनुष्का जैन 91.4, हितेश घनसनी 91.4, रिद्धि पारख 90.6, हिमानी जोगी 90.4, अर्हन जैन 90.4, पूर्वी कोठारी 89.2, प्रार्थना डागा 89.2, सामर्थ भीमनानी 89.2, एंजल मरकाम 88.8, ऋषभ पारख 87.6, आशीष मिंज 87.2, श्रिया बैद 87, मिष्टी तेजवानी 86.6, यशश्वी रुंगटा 85.8, वसुंधरा जैन 85.4, आर्या रहटगोंकर 85.2, शुभांशु कश्यप 85.2 प्रमुख हैं। विद्यालय का परीक्षाफल 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 10 हैं। 85 से 89 प्रतिशत विद्यार्थी 12 हैं, 80 से 84.9 प्रतिशत अंक 16 विद्यार्थी हैं। जबकि 60 से 79.9 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 48 हैं। इस तरह 10वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर नया कीर्तिमान रचा। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।

युगांतर की रिद्धिमा ने बढ़ाया गौरव

युगांतर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षाफल आज



सीबीएसई द्वारा घोषित कर दिए गए हैं, जो उत्कृष्ट रहे हैं।

घोषित नतीजों में युगांतर के कुल 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। जिसमें रिद्धिमा अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, ईशान गुप्ता 94.6, ओमप्रकाश मोटलानी 94.2, हुसैन जामिल 94, स्वपनिल टल्लु 93.2, अक्षत कोचर 92.4, खुशी बया 92.2, पुष्कर अग्रवाल 91.4, अनुष्का जैन 91, राशी राय 90.4, निशिता अग्रवाल 90, तेजराज सिंह भाटिया 90, रिया शुक्ला 89.6, ऐश्वर्या रमेश 89.4, आस्था खंडेलवाल 89.2, लक्ष बत्रा 89, नोमन कोशले 88.4, अराध्य गुप्ता 87.6, नमन सिंह 87.6, लुपासा नगपुरे 87.2, गुरमन सिंह भाटिया 86.2, तनीषा जैन 86.2, अभय बैद 86, दीक्षा साहू 86 प्रतिशत प्रमुख हैं।

विद्यालय का परीक्षाफल 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 13 रहे। 85 से 89 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 11 तथा 80 से 84 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 17 रहे। जबकि 60 से 79 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 51 रहे। 9 विद्यार्थी कामर्स तथा 3 विद्यार्थी साइंस में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। रिद्धिमा अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. मधु पी चौधरी ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

नीरज माईलस्टोन स्कूल

खैरागढ़। नीरज माईस्टोन स्कूल खैरागढ़ का सीबीएसई में कक्षा 10वीं का

परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत के साथ फिर से नीरज माईलस्टोन ने अपने वर्चस्व को कायम रखा।

विद्यालय के 10वीं की छात्रा के. रितुश्री पिता के.श्रीनिवास ने 93.6 प्रतिशत अंक (गणित 97, अंग्रेजी 95, विज्ञान 93, सामा.विज्ञान 92, हिन्दी 91) पाकर खैरगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार के साथ ही विद्यालय का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही कई छात्र-छात्राएं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दूसरे स्थान पर अलफिया मेनम (82.4 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर अनवेशा चोपड़ा (81.6 प्रतिशत), चौथे स्थान पर नमन वा. लिलहारे (80.4 प्रतिशत) एवं पांचवे स्थान पर अविका बैस ने (80 प्रतिशत) अंक प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी व सोनल बाजपेयी ने कहा कि शिक्षकों एवं पालकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन से यह सफलता प्राप्त की है। एकेडेमिक डायरेक्टर उर्मिला दीक्षित, प्राचार्य अभिजीत मुखर्जी, एडमिन योगेश डेगोर एवं शिक्षकों ने बच्चों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

10वीं में निधि व चमन और 12वीं में इतोनिका व आदर्श रहे प्रथम

राजनांदगांव। ग्राम सुकुलदैहान के स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा दसवीं (हिन्दी माध्यम) में कुल 96 छात्र शामिल हुए। जिसमें 38 छात्र प्रथम व 33 छात्र द्वितीय एवं 12 छात्र तृतीय श्रेणी में रहे। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 86.54 प्रतिशत रहा। जिसमें निधि देवांगन 92.5 प्रतिशत प्रथम, नामिका 90.5 प्रतिशत द्वितीय, मीनाक्षी वर्मा 85.33 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे।

इसी प्रकार कक्षा 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) में 20 छात्र शामिल हुए। जिसमें 13 छात्र प्रथम, 5 छात्र द्वितीय एवं एक छात्र तृतीय श्रेणी में रहे। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। जिसमें चमन देवांगन 91.66 प्रतिशत प्रथम, रितेश वर्मा व रिया सोनी 90 प्रतिशत द्वितीय एवं खोमेश्वरी पटेल 87.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं (हिन्दी माध्यम) में 132 छात्र शामिल

हुए। जिसमें 76 छात्र प्रथम, 44 छात्र द्वितीय एवं 9 छात्र तृतीय श्रेणी में रहे। इतोनिका यादव (बायो संकाय) 87.8 प्रतिशत प्रथम, कविता खपरागढ़िया (कृषि संकाय) 84 प्रतिशत द्वितीय, कंचन सिन्हा व गीतिका निर्मलकर 83.2 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। 12वीं (अंग्रेजी माध्यम) में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें आदर्श मौर्य (कामर्स संकाय)81.6 प्रतिशत प्रथम व हर्ष साहू (कामर्स संकाय) 63.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ. सजीला झा एवं बोर्ड परीक्षा प्रभारी शशि बाला शर्मा तथा शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की।

जिपं सीईओ ने ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों का लिया जायजा

राजनांदगांव। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्रामों में चले रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम खैरझिटी, बरबसपुर, बघेरा, जोरातराई में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य एवं अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने शौचालय, सामुदायिक सोखता गड्ढा, स्वच्छता, श्रमिकों से संबंधि कार्य सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

12वीं के टॉपर ओगेश का सम्मान

राजनांदगांव। 12वीं की वार्षिक परीक्षा में प्रवीण सूची में स्थान बनाएं ओगेश साहू पिता नरेंद्र साहू निवासी भाटागांव का कायस्था कम्युनिटी द्वारा सम्मान किया गया। कम्युनिटी के रमेश श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, मधुबाला श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव और अभिषेक श्रीवास्तव ने उन्हें संयुक्त रूप से भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कायस्थजनों ने श्री साहू का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थी श्री साहू के साथ उनके परिजन भी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

कुण्डा क्षेत्र में फायर ब्रिगेड वाहन की दरकार

हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के कुण्डा थाना क्षेत्रांतर्गत एक भी फायर ब्रिगेड वाहन नही होने के कारण छोटी बड़ी अग्नी हादसा दुर्घटना से ग्रामीणों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। अग्नी दुर्घटना की मामला आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों से खेत, घर व कोठार में बिजली शॉर्ट सर्किट व अन्य अज्ञात कारणों से आगजनी की घटना सामने आने से जिला मुख्यालय कवर्धा से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचते है। लेकिन अग्नी घठना स्थल पर पहुंचने में घंटों लग जाते है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी नुकसानों का सामना करना पड़ता है। जिस पर पंडरिया व कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कुण्डा थाना क्षेत्रांतर्गत फायर ब्रिगेड वाहन शासन प्रशासन से मांग किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को फायर ब्रिगेड वाहन का लाभ मिल सकें।

वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध

अवैध मुरूम उत्खनन, वन विभाग की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्राधिकारी रेंगाखार में विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना मिली की जेसीबी मशीन द्वारा अवैध मुरूम उत्खनन किया जा रहा है। जिस पर उक्त सूचना की जानकारी होने पर वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन एवं उप वनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी, रेंगाखार सामान्य, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी समनापुर, परिसर रक्षक तितरी एवं अन्य स्थानीय कर्मचारियों की टीम गठितकर मौका स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें परिसर समनापुर के कक्ष क्रमांक 347 पीएफ में 01 नग जेसीबी वाहन से मुरूम का अवैध उत्खनन पर वन विभाग के टीम को देखकर जेसीबी वाहन चालक मौके से जेसीबी वाहन को लेकर भागने लगा। जिस पर टीम द्वारा तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर ग्राम उमरिया पत्थराटोला मार्ग पर 01 नग जेसीबी वाहन जप्त किया गया। वहीं वन विभाग के टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ के दौरान वाहन चालक जसंवत वल्द रामप्रसाद मेरावी निवासी तितरी तहसील रेंगाखार थाना रेंगाखार बताया गया कि सचिव रमेश पटले पिता भरतलाल पटले ग्राम तितरी द्वारा अपने निजी उपयोग हेतु मुरूम उत्खनन करने को कहा गया। इस प्रकार टीम नें बिना दस्तावेज के विनिर्दिष्ट वन क्षेत्र में मुरूम का अवैध उत्खनन किए जाने पर परिसर रक्षक द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग एवं 41 (ख) के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18067/15 पंजीबद्ध कर वाहन सुपुर्द में लिया गया।

रोजगार के नाम पर अवैध मुरूम खनन

वनांचल क्षेत्र के शासकीय भूमि में अवैध मुरूम खनन विभागीय कार्यवाही होने से अब कुछ अंकुश लगेगा। वनांचल क्षेत्र में ग्रामीण निजी कार्य बताकर ठेकेदार भी जंगलों में अवैध उत्खनन करते है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोगों को ट्रैक्टर में रोजगार देने के नाम पर अवैध मुरूम उत्खनन ठेकेदार भी कराते है।

कच्ची सड़क से आवागमन बाधित ग्रामीण व राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत क्षेत्र को शहर से जोड़ने पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन आज भी ग्राम बीजाझोरी-बरबसपुर - डबराभाट पहुंच मार्ग पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों से कई बार शिकवा शिकायत के बाद भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत कच्ची सड़क को पक्की निर्माण कार्य में जिम्मेदारों व विभागीय ठीम की भारी अनियमितता देखी जा रही है। जिससे सड़क कच्ची व उबड़-खाबड़ होने से आवाजाही बाधित व हो रही है। कवर्धा विकासखण्ड अतंर्गत ग्राम बरबसपुर के लोगों को आवागमन हेतु पक्की सड़क व बुनियादी सुविधा के अभाव में वंचित है।

क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण की दरकार

मिली जानकारी के अनुसार बरसात के दिनों में कच्ची सड़क कीचड़ से लथपथ होने के कारण आवागमन बाधित तथा हल्की तेज बारिश से ग्रामीण सड़क छोड़ खेत के मेड़ पार होकर आवाजाही करने मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 40 वर्ष से कच्ची सड़क से आवागमन ग्रामीणों व राहगीरों द्वारा किया जाता रहा है। वहीं चुनाव के दौरान प्रत्याशी वोट मांगने यहां पहुंचते हैं और सभी पक्की सड़क बनवाने का आश्वासन देते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद प्रत्याशी क्षेत्र में झाकने तक नही आते।

हाई स्कूल बरबसपुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि बरबसपुर। शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में बोर्ड परीक्षा परिणाम सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं के छात्र- छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर छात्र सूरज यादव 86.83 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम व द्वितीय संतोषी बंजारे 73.16 प्रतिशत अंक तथा तृतीय स्थान गोपाल पटेल 72.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर विद्यालय व अपने माता पिता का रोशन किया। जिसमें विद्यालय का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम कक्षा दसवीं का 78.72 प्रतिशत रहा वहीं शाला के प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाए दी। शिक्षक सीमा वर्मा, कामना श्रीवास्तव, शिक्षिका वर्षा सोन, योगेश चौरिया ने बधाई व उज्जवल भविष्य कि कामना की गई।

मानसिंह चंद्राकर मानद उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिक्षा विभाग मे शिक्षक के तौर पिछले बीस वर्षों से कार्यरत है विभाग में अपनी उत्तरदायित्वों का निर्वह बखूबी करते है, इन सब कर्तव्यों के साथ अपनी जिज्ञाशु प्रवृति और प्रकृति से प्रेम के चलते वे कृषि कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं इनके लिए उनकों पूर्व में वर्ल्ड वाइल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के माध्यम से उनके नवीन कृति मान ड्रैगन प्लांट की अधिकतम लम्बाई के वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनकें कृषि के प्रति लगाव ने उन्हें प्रकृति से जोड़े रखा है, इसी कड़ी में उन्हें मेजिक अंड आर्ट यूनिवर्सिटी ने गरिमामय कार्यक्रम में उन्हें डॉक्टरेट की मादन उपाधि से सम्मनित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद मे आयोजित किया गया, जिसमें डायरेक्टर सीपी यादव मुख्य अतिथि के रूप मे फिल्म एक्टर मनोज भाटिया और बीपी सिंह की चार विषयों मे डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुके है तथा शिक्षा के क्षेत्र मे उनका योगदान उपलब्धियों से लबालब है।

शिक्षिका विधि तिवारी को शिक्षक कला प्रतिभा से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ संस्था द्वारा 11 मई को सिविल लाइन रायपुर स्थित एक होटल वृन्दावन हाल में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षिका विधि तिवारी सम्मानित किया गया। अपनी मिडब्रेन एक्टिवेशन ट्रेनिंग एवं उनके शोध पत्र पर किए जा रहे बहुत सारे कार्य के लिए उन्हें अन्य राज्यों में भी आमंत्रित किया जाता है। इस संबंध में ही उनको पुरस्कृत किया गया।

जिसमें शिक्षिका विधि तिवारी का भी चयन किया गया, उनके द्वारा पहले भी कई कार्य किए गए हैं इस तरह वह निरंतर अपने कार्य से लगे हुए कार्य के लिए सम्मानित कि जाती हैं और उन्होंने इसके लिए सभी को आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ आने वाले दिनों में इंटरनेशनल सेमिनार के लिए भी आमंत्रित की गई है।

आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश 15 को लॉटरी प्रद्धति से

हरिभूमि कवर्धा। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कचहरी पारा कवर्धा में प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से 10 मई तक ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए थे। कक्षा पहली में 50 सीट ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के लिए 15 मई 2024 को लॉटरी निकाली जाएगी। प्राचार्य आरएस धुर्वे ने बताया कि कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 31 मई 2024 की स्थिति में आयु 5 वर्ष 4 माह व 6वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए जिला शिक्षा अधिकारी ने 15 मई को लॉटरी के माध्यम से पूर्ण कराने के लिए तहसीलदार व सहायक विकासदाण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया गया है, अत उनकी उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी तथा पात्र-अपात्र की सूची हेतू दावा अपत्ति के लिए विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है, अतः 13 मई को दोपहर 12 बजे लॉटरी निकाली जाएगी, जिसमें सभी पालकों को उपस्थित होने अपील की गई।

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं व बारहवी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

- दसवीं में प्रणव तिवारी 95 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम रहें। वहीं आस्था शुक्ला 91.06 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं तथा 12 वीं की परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वी में कुल 75 एवं कक्षा10 वीं बोर्ड परीक्षा मे कुल 89 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी लगन एवं परिश्रम के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला ही नहीं वरन जिले को गौरवान्वित किया।

जिसमें दसवीं में छात्र प्रणव तिवारी 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कि एवं वंशिका राजपूत 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं प्रितम मण्डल और आस्था शुक्ला ने 91.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में प्रियांशी अग्रवाल ने 92.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की एवं निष्ठा जैन 89.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं पूजा डेहडिया ने 86.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में दनिशा कृति रात्रे ने 89.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कि तथा कनक जैन ने 85.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं अंकित सिंह 84.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में कुल 89 विद्यार्थियों में से 70 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 12 वीं में 42 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिसमें से 18 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया।

जिस पर विद्यालय के प्रबंध समिति ने बतलाया कि विद्यालय के सभी विषयों के शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं मार्गदर्शन के साथ छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता से प्राप्त इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

इस उत्कृष्ट परिणाम हेतु प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की संस्था के अध्यक्ष एवं संचालको ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए बधाई दी।

किसान जोताई, समतलीकरण व खरीफ फसल की तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। क्योंकि यहां बड़े पैमाने पर धान फसल की अच्छी पैदावार की जाती है। लेकिन जिले में अब एक नहीं, दो शक्कर कारखाना होने के कारण धान फसल का रकबा घटने लगा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अब शहर सहित ग्रामीण किसानों से एक बार फिर से समर्थन मिल पर धान खरीदा जाता है। इसके चलते किसानों द्वारा खेती किसानी की कार्य में जोर-शोर से जुट चुकें है। ग्रामीण किसानों द्वारा इन दिनों खेत खलिहान की समतलीकरण ट्रैक्टर के माध्यम से किया जा रहा है। ताकि खरीफ धान फसल समय पर परिपक्व होकर तैयार हो सकें। मानसून के सीजन में बोए जाने के कारण खरीफ की फसल को मानसून की फसल कहते हैं या कहा जाता है खरीफ फसल के तहत धान, मक्का, ज्वार-बाजरा की खेती की जाती है। इन फसलों को पर्याप्त गर्मी और बारिश की आवश्यकता पड़ती है, तब धान की फसल तैयार होते हैं। धान की बेहतर उत्पादन के लिए रोपाई भी की जाती है, जिससे पैदावार अच्छी तरह से होते हैं। धान बोने की तैयारी में किसान हल और ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जोताई कर समतलीकरण किया जाएगा। किसानों द्वारा ग्राम बरबसपुर, डबराभाट, बीजाझोरी, दौजरी, राम्हेपुर, सिंघनपुरी के किसानों ने बताया कि वर्तमान में धान की फसल के लिए खेतों की जुताई कर समतलीकरण जोर शोर से किया जा रहा है।

सुबह से देर शाम तक मदिरा प्रेमियों की आवाजाही

शराब दुकान में शराबियों की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित मदिरा शराब देशी व विदेशी दो काउंटर होने के बाद भी शराब दुकान में मंदिरा प्रेमियों की भारी भीड़ दुकान खुलनें से पहले ही लगी रहती है। वहीं शराबियों द्वारा शराब लेने घंटों लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार देशी व विदेशी शराब दुकान में भारी भीड़ होने पर कई बार चिल्हर पैसे वापस नहीं किए जानें पर विरोध करने पर कर्मचारी व शराबियों के बीच कहासुनी तक हो जाती है। शादी-ब्याह सीजन या तीज त्यौहार में शराब प्रेमियों द्वारा किसी न किसी बहाने से शराब दुकान तक पहुंच जाते हैं। दुकान खुलने से पहले ही मदिरा प्रेमी पहुंच जाते हैं और लाइन में लगना शुरू कर देते हैं।

कई बार शराब प्रेमी स्वयं ही वहां के कर्मचारियां को अधिक राशि देकर जल्दी जुगाड़ कर लेते है। सुबह से देर शाम तक शराब दुकान में मदिरा प्रेमियों द्वारा शराब का सेवन करने वालो की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं कोचिओं द्वारा महंगे दामों में शराब बिक्री करते हैं इसलिए लोग सुबह से देर शाम तक लाइन में लगकर खरीदने लम्बी कतार व भीड़ उमड़ रही है।

समस्या: अब तक करीब 70 बीमार, मौके पर चिकित्सकों की टीम कर रही मरीजों की जांच

डायरिया से महिला की मौत स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ायी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/स. लोहारा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोयलारी में जबरदस्त ढंग से डायरिया फैल गया है बताया जाता है कि बीते सात दिनो के भीतर यहां करीब 70 ग्रामीण महिला, पुरूष, बच्चे, युवा और बुजुर्ग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। जिसमें एक जुबुर्ग महिला की मौत भी हो चुकी है वहीं अभी भी करीब दो दर्जन से अधिक मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केनद्र स. लोहारा सहित क्षेत्र के दूसरे अस्पतालों में भर्ती है और अपना उपचार करा रहे हैं। हालांकि गांव में डायरिया फैलने की जानकारी मिलने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार ग्राम कोयलारी में कैम्प कर रही है और सभी ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए प्रभावितों का समुअचित ईलाज किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 6 मई को विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के ग्राम कोयलारी में स्थानीय कुंआ का दूषित पानी पीने के बाद गांव के सात लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हुई थी। बताया जाता है कि इन सात ग्रामीणों की तबियत खराब होने के बाद इनकी जांच और उपचार कोयलारी के उप स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया था। लेकिन ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए दो लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स. लोहारा रिफर किया गया था तथा पांच लोगों को सिंघनपुरी के खुशकू राम अस्पताल स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया था। विभाग की माने तो 6 मई कोई सात लोगों के डायरिया की चपेट में आने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया था और उसने मरीजों की जांच पड़ताल तथा ईलाज के साथ गांव में पेयजल के लिए उपयोगी कुंओं में ब्लीचिंग घोल डलवाया था।

लेकिन अस्पताल प्रशासन की इस कवायद का कोई ज्यादा फायदा नहीं हुआ और डायरिया के मरीज लगातार बढ़ते ही चले गए। 8 मई को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के सभी घरों में विजिट कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई और आवश्यक दवाईयां वितरित की गई। इस दिन डारिया से पीड़ित 11 मरीज सामने आए वहीं 9 मई को 05 प्रकरण सामने आए जिसमे से 2 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया एवं 2 मरीजों को सिंघनपुरी अस्पताल भेजा गया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ विकासखंड स्टारी टीम द्वारा ग्राम कोयलारी का दौरा किया गया एवं प्रभावित मरीजों से मुलाकात की गई। लेकिन डायरिया का प्रकोप कम नहीं हुआ और अगले ही दिन 10 मई को एक बार फिर डायरिया के 6 मरीज सामने आ गए इसी प्रकार 11 मई को प्रातः 15 प्रकरण की जानकारी प्राप्त हुई जिसमे से 3 प्रकरण को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिफर किया गया। बाकी मरीजों का स्थानीय स्तर पर ईलाज किया गया। स्वास्थ्य विभाग की माने तो फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है लेकिन अभी भी डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं जिनका ईलाज किया जा रहा है।

स्कूल को बनाया अस्थाई अस्पताल

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स. लोहारा के बीएमओ डॉ. संजय खरसन ने बताया कि गांव के मरीजों पर नजर रखने और उन्हें त्वरित उपचार मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है और यहां एक सरकारी स्कूल को ही अस्थाई अस्पताल बना दिया गया है। जिसमें विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मेडिकल ऑफिसर डॉ जयंत ठाकुर व सेक्टर भिंभौरी तथा सेक्टर रक्से के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचओ, मितानिन ट्रेनर व मितानिन की ड्युटी लगाई गई है।

कुओं के पानी का लिया गया सैम्पल

अभी तक ग्राम कोयलारी से मिली जानकारी के अनुसार यहां डायरिया फैलने का मुख्य कारण स्थानीय कुंआ के दूषित पानी को बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में चार-पांच कुंआ है जिसके पानी को पीने के बाद से ही कुछ लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हुई थी और बीते 6-7 दिनो में यह आंकड़ा बढ़ते चला गया। इस बात के खुलासे के बाद अब प्रशासन द्वारा इन कुंओं के पानी का सैंपल लेकर इसकी जांच के लिए रायपुर भेजने की तैयारी में है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना के बगास में लगी भीषण आग

- कारखाना को बड़ा नुकसान होने की जताई जा रही आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

अंचल में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के बीच सोमवार की दोपहर जिले के विकासखण्ड पंडरिया में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना परिसर में रखे बगास में भीषण आग लग गई। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बगास में आग कैसे लगी। लेकिन आग लगने की जानकारी मिलने के बाद सक्ते में आए कारखाना प्रबंधन ने अपने बूते पर आग पर प्रयास पाने के साथ दमकल अमले को भी घटना की सूचना दे दी है और दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए है। लेकिन बताया जा रहा है कि आग बगास में तेजी से फैल रही है और उस पर काबू पाने के लिए दमकल अमले को खासी मसक्कत करनी पड़ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी हाल में हुई गन्ना पैराई के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना परिसर में बड़ी मात्रा में बगास असुरक्षित ढंग से पड़ा है। जिसमें सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई। बगास के ढेर से धुंआ उठते कारखाना में मौजूद कुछ लोगों ने देखा। लेकिन बताया जाता है कि जब तक लोगों को बगास में आग लगने की भनक लगती आग अंदर ही अंदर काफी पैल चुकी थी और उसने भीषण रूप ले लिया था। जिसके बाद कारखाना प्रबंधन ने अपने संसाधनो की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिल पाई इस बीच दमकल अमले को भी घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए है। लेकिन सूखे और बेहद ज्वलनशील बगास में लगी आग पर काबू पाने दमकल की टीम को भी काफी मसक्कत करनी पड़ रही है। बताया जाता है कि इस अग्री दुर्घटना से कारखाना प्रबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।

खबर संक्षेप

प्रयास आवासीय स्कूलों के लिए अवेदन 17 तक

कवर्धा। सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन 17 मई को रात 12 बजे तक भरे जा सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई तक किया जाएगा। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 जून को निर्धारित है। अन्य जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय से ले सकते हैं।

डड़सेना कलार समाज का सम्मान समारोह 25 को

कवर्धा। डड़सेना कलार समाज की ओर से प्रतिमा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में समाज के ऐसे बच्चे जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किया है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। समाज के ऐसे छात्र-छात्राओं से अपना बायोडाटा फॉर्म 25 मई तक मंगाए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल से संपर्क कर सकते हैं।

बेमौसम बारिश के बाद बढ़ रही उमस

कवर्धा। कवर्धा सहित अंचल में लगातार हो रही हल्की तेज बारिश और उसके बाद खिल रही धूप के चलते भीषण गर्मी के साथ लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ा रहा है। जिससे लोग हलाकान और परेशान हो रहे हैं।

वनांचल व मैदानी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

कलेक्टर महोबे ने ली समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में चिन्हांकित पेयजल समस्या वाले गांवों में पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के समय सीमा में लंबित प्रकरणों का समीक्षा कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि गर्मी में सबसे बड़ी चुनौती वनांचल सही मैदानी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति करना है। जहां जल स्तर कम हुआ है, वहां विभिन्न स्त्रोत के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि बोड़ला विकासखंड के सुदूर वानांचल क्षेत्र कांदावानी, कुकरापानी, पौनी, बांटीपथरा सहित सुदूर वनांचल क्षेत्रों में पेयजल समस्या दूर करने लोक स्वास्थय यांत्रिकी एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्रों में पेयजल समस्या दूर करने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों में बहने वाली नदी-नालों में नाला बंधान के लिए वन विभाग, जिला पंचायत को कार्ययोजना के बनाने के आवयक निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारी को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वही शहरी क्षेत्रों में जिस वार्ड में पानी की समस्या की शिकायत मिलती है, वहां टैंकर उपलब्ध कराने कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नही होनी चाहिए। सभी को पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। क्रेडा के अतंर्गत सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले बोर जहां सप्लाई की दिक्कत या खराब हो गई है उसे ठीक करने के निर्देश क्रेडा विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने पानी रोको अभियान के तहत नाला बंधान के कार्य को करने के लिए कहा।

उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों में बचत स्टॉक का भौतिक सत्यापन करते हुए करते हुए गड़बड़ी करने वालों पर एफआईआर कर कड़ी करवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फसल नुकसान होने वाले किसानों के आरबीसी 6-4 के तहत तथा फसल बीमा के अंतर्गत मिलने वाली राशि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में श्रम अधिकारी और बोड़ला सीएमओ के उपस्थित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की।

विद्युत व्यवस्था दुरुस्थ कराने निर्देश

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि गर्मी के दिनों में ओवर लोड होने के कारण विद्युत की समस्या आती है, इसे ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग तत्परता से कार्य करते हुए विद्युत आपूर्ति को लगातार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक महीने बाद नया स्कूल सत्र प्रारंभ होगा। इसके पहले जिले में संचालित स्कूल भवनों को सही करें। जिन भवनों में मरम्मत की जरूरत है वहा स्कूल प्रारंभ होने के पहले ही ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। जिससे भूजल स्तर अच्छा रहेगा।

प्रतिकूल मौसम में भी तेन्दूपत्ता संग्रहण में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दूरस्थ अंचल में निवासरत वनवासियों एवं आदिवासियों की अतिरिक्त आय का प्रमुख स्त्रोत तेंदूपत्ता संग्रहण है और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंचल के तेंदूपत्ता संग्राहक ग्रीन गोल्ड के संग्रहण में पूरी सिद्दत से लगे हुए है। इस बार इन संग्राहकों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को लेकर दोहरी खुशी देखने को मिल रही है। एक तो इस साल विपरीत मौसम में तेंदूपत्ता का उत्पादन जबरदस्त है तो दूसरी तरफ इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ा कर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। परिणाम स्वरूप वनवासी भाई अपने पूर्ण परिवार सहित भीषण गर्मी में अधिक-से-अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण करने में जूट गए है। असमय वर्षा - पानी भी उन्हें इस कार्य को सम्पन्न करने में रूकावट पैदा नहीकर सका।

अभी से 50 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ण

कबीरधाम जिले में लगभग 35000 वनवासी तेंदूपत्ता संग्रहण करते है। यह कार्य 05/05/2024 से लगभग 22/05/2024 तक किया जाता है। जिले का लक्ष्य 40100 मानक बोरा है, परन्तु 9 मई 2024 को ही 19621 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण हो चुका है। जिसकी संग्रहण राशि 10 करोड़ 79 लाख रूपए है।

अधिकारियों को भ्रमण के निर्देश

गत 9 मई 2024 को मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग तथा वन मण्डलाधिकारी कवर्धा द्वारा राजानवागांव समिति के फड़ छपरी तेंदूपत्ता फड़ का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित उप वनमण्डाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा, उप वन क्षेत्रपालो, तथा प्रबंधक एवं फड़ मुंशियों को स्पस्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक संग्राहक को कम से कम 500 तेन्दूपत्ता गड्डी संग्रहण कर लाने हेतु प्रेरित करे ताकि उनके बालक-बलिकाओं को शिष्यवृति एंव छात्रवृति का लाभ तथा परिवार सदस्यों के मुखिया का आकस्मिक निधन होन पर सन्तप्त परिवारजनों को आर्थिक लाभ की पात्रता बने।

3 माह से खोदकर छोड़ी सड़क, ग्रामीण परेशान

पंडिरिया। लाक अंतर्गत ग्राम धोबघट्टी से केशलमरा तक करीब साढ़े आठ किलोमीटर सड़क को ठेकेदार द्वारा खोदकर छोड़ दिया गया है तथा कुछ जगह मिट्टी फैलाकर छोड़ दिया गया है। उक्त सड़क के नवीनीकरण का कार्य प्रारम्भ जुलाई 2023 में शुरू किया गया है, जिसमें अभी तक 50 प्रतिशत कार्य भी नहीं हुआ है। इसके लिए 23.73 लाख रुपये स्वीकृत किये गए थे। स्वीकृति के करीब 10 माह बाद भी क्षेत्र के लोगों को सड़क नहीं मिल पाई है। ठेकेदार ने सड़क को उखाड़कर छोड़ दिया गया है। जिससे छोटे चार पहिया वाहन आने-जाने में परेशानी हो रही है।वहीं कुछ जगह मिट्टी होने के कारण बरसात होने पर कीचड़ हो जाता है।सड़क को उखाड़े करीब 3 महीने का समय बीत चुका है। उक्त सड़क के निर्माण नहीं होने से पडकीकला, सिरमागुड़ा, पिपरखुंटी, खरहट्टा, केशलमरा सहित अनेक गांव के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण रवि कांत व रामू निषाद ने बताया कि पिछले तीन महीने से सड़क निर्माण के लिए पुराने डामर को उखाड़ दिया गया है,जिससे सड़क पर गिट्टी बिखरी हुई है तथा मिट्टी बिखरे हुए हैं। जिसके चलते वाहन चलाने में दिक्कत होती है,साथ ही दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पूर्व जनपद सदस्य दिनेश कोशरिया ने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण में आवश्यक विलंब किया गया जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

केन्द्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) ने कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम जारी किया है। केन्द्रीय विद्यालय म ह रा ज पु र , कवर्धा का कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा दसवी में 36 विद्यार्थी अध्यनरत थे, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। केन्द्रीय विद्यालय म ह रा ज पु र कवर्धा के प्रचार्य ने बताया कि सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में अविरल सिंह ठाकुर 95.2 प्रतिशत के साथ केन्द्रीय विद्यालय महराजपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं दूसरा स्थान सुप्रीत तिवारी 92.4 प्रतिशत और शौर्य चंद्रवंशी 89 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

प्रबंध संचालक आईएफएस अंकित कुमार ने किया अध्ययन भ्रमण

शहद प्रसंस्करण केन्द्र बोड़ला का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दुर्ग वृत्त अंतर्गत जिला यूनियन कवर्धा के शहद प्रसंस्करण केंद्र बोड़ला में 12 मई को अंकित कुमार आईएफएस प्रबंध संचालक, अरुणांचल प्रदेश फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्ययन भ्रमण प्रवास हुआ।

जिसमें बोड़ला प्रसंस्करण केन्द्र में प्रसंस्कृत होने वाले उत्पाद जैसे शहद प्रसंस्करण, मिलेट प्रसंस्करण व माहूल पत्ता उत्पाद के प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग कार्य के बारे में अवगत कराया गया एवं संबंधित जानकारी दिया गया। इस प्रवास कायक्रम में बोधन बारीक, उप प्रबंधक संघ मुख्यालय, जेएस चौहान, उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन कवर्धा, आशीष आर्य उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा, एलएन सोनी परिक्षेत्राधिकारी, कुलदीप पटेल वनधन मैनेजर प्रसंस्करण व बंधित अधिकारी, कर्मचारी, समूह के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस बारअंचल में आम की जबरदस्त पैदावार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इस वर्ष फलों के राजा आम की जिले में बम्पर पैदावार देखने को मिल रही है। हालांकि इस दिनो अंचल में लगातार हो रही बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान के चलते आम की फसल को भारी नुकसान भी हो रहा है और वे समय से पहले ही पेड़ से गिर रहे हैं।

लेकिन फिर भी जहां तक उत्पादन की बात की जाए तो वह बीते वर्ष की अपेक्षा काफी ज्यादा है। जिसे लेकर विशेषकर वनवासियों तथा किसानो में ज्यादा खुशी है और वे इसके जरिए अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

आम की अच्छे उत्पादन इसी बात से लगाया जा सकता है कि पंडरिया नगर के पास मोहतरा स्थित उद्यानिकी विभाग की नर्सरी में दशहरी आम के पेड़ों में फल लदे हुए हैं। यहां करीब 100 से अधिक आम के पेड़ है जिसमें से लगभग 35 पेड़ों में फल लगे हुए हैं।

यहां के बगीचे की नीलामी की जाती है। इस वर्ष नर्सरी के आम की नीलामी 50,000 रुपए में कई गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 गुना अधिक है। यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर का इतवारी बगीचा एक समय पूरे क्षेत्र में आम के लिए मशहूर था, लेकिन अब वहां आवास बन चुके हैं और बगीचे में आम के कुछ पेड़ ही बचे हैं। उद्यानकी विभाग ने भी माना है कि इस वर्ष नगर सहित क्षेत्र में अच्छी पैदावार हुई है।